हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

तापमान
अधिकतम 46.0 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

**शहर में आज**
- जनस्वास्थ्य विभाग की टीम आज कॉलोनियों में जाचेंगी पानी की समस्या
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक
- बोहर गांव में नहर पक्की करने को लेकर बैठक

**खबर संक्षेप**

### नरेंद्र कुमार निगम आयुक्त और शुभम सिटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** हरियाणा सरकार द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल में रोहतक को दो नए अधिकारी मिले हैं। इनमें आईएएस अधिकारी नरेंद्र कुमार को नगर निगम रोहतक का आयुक्त नियुक्त किया गया है, जबकि एचसीएस अधिकारी शुभम को सिटी मजिस्ट्रेट रोहतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नरेंद्र कुमार इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी रोहतक के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए सरकार ने उन्हें नगर निगम की कमान सौंपी है। माना जा रहा है कि शहर में सफाई व्यवस्था, आधारभूत ढांचे और विकास परियोजनाओं में अब तेजी देखने को मिलेगी। वहीं, शुभम पहले रोहतक मंडल आयुक्त कार्यालय में ओएसडी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। अब सिटी मजिस्ट्रेट के तौर पर वे कानून व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय और जनहित से जुड़े मामलों की निगरानी करेंगे। तेजी से विकसित हो रहे रोहतक शहर में दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासनिक हलकों में उम्मीद जताई जा रही है कि इससे शहर में विकास कार्यों और जनसेवाओं को नई गति मिलेगी।


नरेंद्र कुमार

### एमडीयू: इंजीनियरिंग व एजुकेशन परीक्षाएं 3 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जून 2026 में होने वाली इंजीनियरिंग एवं एजुकेशन कोर्सेज की थ्योरी परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीटेक द्वितीय सेमेस्टर (जी स्कीम केवल री-अपीयर तथा एच स्कीम रेगुलर), एमएड/एमएड स्पेशल तृतीय सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) तथा एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) की परीक्षाएं 3 जून से आरंभ होंगी।

### यूजी, लॉ और डिप्लोमा परीक्षाओं की डेटशीट बदली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने मई 2026 की यूजी, लॉ और डिप्लोमा प्रोग्राम परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ पेपरों के क्लैश होने तथा कुछ विषय मुख्य डेटशीट में शामिल न होने के कारण परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीए (ऑनर्स) द्वितीय सेमेस्टर, यूजी (एनईपी) चार वर्षीय/पीजी पांच वर्षीय द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर के कुछ पेपर पुनर्निर्धारित किए गए हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) पांचवें सेमेस्टर और यूजी (एनईपी) चार वर्षीय/पीजी पांच वर्षीय चतुर्थ सेमेस्टर के कुछ छूटे पेपर अब नई डेटशीट में शामिल किए गए हैं।

पेयजल संकट और दूषित पानी की सप्लाई से परेशान लोगों की आवाज बने जनप्रतिनिधि

# जनस्वास्थ्य विभाग के अफसरों के खिलाफ भाजपा के सात पार्षदों ने खोला मोर्चा

**एसडीओ कार्यालय में 6 घंटे धरने पर बैठे रहे अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया**

**अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई और जांच की मांग, समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी**

*कपिल नागपाल ने अधिकारियों पर लगाए लापरवाही के आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के कई वार्डों में पेयजल संकट और दूषित पानी की सप्लाई से परेशान लोगों की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा से जुड़े पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने पर सात वार्डों के जनप्रतिनिधि जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कार्यालय पहुंच गए और वहीं धरने पर बैठ गए। करीब छह घंटे तक चले इस धरने के बाद विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। धरने में वार्ड-7 से पार्षद कपिल नागपाल, वार्ड-10 से पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल, वार्ड-20 से प्रवीण कौशिक, वार्ड-16 से पार्षद प्रतिनिधि दीपू नागपाल तथा वार्ड-5 से सुरेश किराड़ सहित अन्य लोग शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि शहर के कई इलाकों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अनेक स्थानों पर दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।



**रोहतक।** पानी के लिए एसडीओ कार्यालय में धरना देते वार्ड-7 से पार्षद कपिल नागपाल और वार्ड-20 से प्रवीण कौशिक गंदा पानी दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिकायतों पर सुनवाई नहीं

पार्षदों का कहना था कि विभाग को कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें दी गईं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा, वहीं कुछ क्षेत्रों में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। लगातार अनदेखी के चलते उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। धरने के दौरान पार्षद कपिल नागपाल ने विभागीय अधिकारियों को उन क्षेत्रों की विस्तृत सूची सौंपी, जहां दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है और जहां पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से लोगों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है।

### कॉलोनियों में आज समस्या जांचने निकलेगी टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राजेश रोहिल्ला और संबंधित जेई मौके पर पहुंचे तथा पार्षदों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बुधवार से पानी की सप्लाई छोड़ने के बाद प्रभावित क्षेत्रों की मौके पर जांच शुरू कर दी जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि किन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच रहा और कहां दूषित पानी की समस्या है। लोगों से मिल कर उनकी समस्याएं पूछी जाएगी और उस पर अमल किया जाएगा।

### पाइपलाइन से छेड़छाड़ व अवैध कनेक्शनों पर होगी कार्रवाई

अधिकारियों ने यह भी माना कि कई स्थानों पर अवैध कनेक्शन और पाइपलाइन से छेड़छाड़ के कारण सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे में अब अवैध कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम लोगों तक सुचारू रूप से साफ पेयजल पहुंच सके।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी

धरने के बाद पार्षदों ने कहा कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन और विभाग की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मांग के बाद कार्रवाई नहीं हो रही है।

### निगम के अधिकारी भी कार्यों की तरफ नहीं दे रहे हैं ध्यान

पार्षद कपिल नागपाल ने नगर निगम अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी कार्य को करवाने के लिए बार-बार अधिकारियों को याद दिलाना पड़ता है और कई बार कार्यालयों के चक्कर तक काटने पड़ते हैं। नागपाल ने कहा कि यदि अधिकारी समय रहते समस्याओं पर ध्यान दें तो लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**सूखी नहर होगी तृप्त**



# जेएलएन में आज रात आएगा पानी, कम होगा पेयजल संकट

*क्षमता 3500 क्यूसेक, फिलहाल सिर्फ 500 से 700 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बढ़ेगी परेशानी*

- शहर ही नहीं गांवों में भी पानी का बड़ा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेएलएन फीडर में पानी की भारी कमी को लेकर जिले में चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे मूनक हेड से जेएलएन फीडर के लिए पानी छोड़ा गया है, लेकिन यह राहत जरूरत के मुकाबले बेहद सीमित मानी जा रही है। सिंचाई विभाग के अनुसार बुधवार रात करीब नौ- दस बजे तक जेएलएन फीडर में पानी की सप्लाई शुरू होने की संभावना है, लेकिन फिलहाल मात्र 500 से 700 क्यूसेक पानी ही उपलब्ध कराया जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी गंभीर मानी जा रही है क्योंकि जेएलएन फीडर की कुल क्षमता लगभग 3500 क्यूसेक है, जबकि सामान्य परिस्थितियों में 2500 से 3000 क्यूसेक तक पानी छोड़ा जाता रहा है। मौजूदा आपूर्ति सामान्य स्तर की तुलना में काफी कम है, कई इलाकों में संकट गहराता दिखाई दे रहा है। खेतों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है।

### पानी के लिए लोग जता रहे नाराजगी

पानी की कमी का असर अब केवल शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। गांवों में पेयजल संकट लोगों के लिए रोजमर्रा की बड़ी समस्या बनता जा रहा है। कई जगह लोगों को जरूरत भर पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जिसके कारण नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। बीते सोमवार को गांव बलम के ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर लघु सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त से मुलाकात कर पेयजल व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई थी।

### जल उपलब्धता बढ़ने पर सप्लाई बढ़ाई जाएगी



मूनक हेड से पानी छोड़ा जा चुका है और बुधवार रात तक जेएलएन फीडर में सप्लाई पहुंचने की संभावना है। फिलहाल केवल 500 से 700 क्यूसिक पानी पीने के लिए छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल उपलब्धता बढ़ने पर सप्लाई भी बढ़ाई जाएगी। -सतीश सिंगरोहा एसडीओ सिंचाई विभाग

# चैनल मोनेटाइज कराने के नाम पर युवक से 6.48 लाख की ठगी

**फेसबुक विज्ञापन के जरिए झांसे में फंसाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोशल मीडिया पर दिखने वाले आकर्षक विज्ञापन अब लोगों के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रोहतक के गांव हिमायूपुर से सामने आया है, जहां यूट्यूब चैनल मोनेटाइज कराने के नाम पर एक युवक से 6 लाख 48 हजार 7 रुपये की ठगी कर ली गई। ठग ने फेसबुक पर विज्ञापन डालकर युवक को अपने झांसे में लिया और फिर धीरे-धीरे अलग-अलग बहानों से पैसे ट्रांसफर करवाता रहा। पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में गांव हिमायूपुर निवासी अंकित ने बताया कि वह "अंकित धनखड़" नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है। उसके चैनल पर ऑनलाइन परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े वीडियो अपलोड किए जाते हैं। अंकित के अनुसार 19 मार्च को फेसबुक चलाते समय उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें मात्र 1850 रुपये में यूट्यूब चैनल मोनेटाइज कराने का दावा किया गया था। युवक ने बताया कि विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही एक व्हाट्सएप नंबर खुल गया। इसके बाद सामने वाले व्यक्ति ने खुद को यूट्यूब मोनेटाइजेशन एक्सपर्ट बताते हुए भरोसे में लेना शुरू कर दिया। शुरुआत में कम राशि मांगी गई, जिससे युवक को शक नहीं हुआ। बाद में ठग ने अलग-अलग प्रोसेसिंग फीस, टैक्स, वेरिफिकेशन चार्ज और अन्य तकनीकी कारण बताकर बार-बार पैसे ट्रांसफर करवाने शुरू कर दिए। अंकित ने बताया कि ठग ने उससे कुल 59 बार में 6 लाख 48 हजार 7 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए। जब काफी समय बाद भी चैनल मोनेटाइज नहीं हुआ और सामने वाले ने जवाब देना बंद कर दिया, तब उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी।

### भ्रामक विज्ञापनों से सावधान रहें लोग

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाले ऐसे विज्ञापनों से लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। किसी भी ऑनलाइन सेवा के नाम पर बार-बार पैसे मांगना ठगी का संकेत हो सकता है। बिना जांच-पड़ताल के किसी अनजान व्यक्ति को रकम ट्रांसफर नहीं करनी चाहिए।

# दो देशी पिस्तौल व चार जिंदा राउंड सहित युवक गिरफ्तार

- लाखनमाजरा फ्लाईओवर के पास गश्त के दौरान पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की एवीटी एवं पीओ स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि 25 मई को मुख्य सिपाही कृष्ण के नेतृत्व में टीम गांव लाखनमाजरा बस स्टैंड के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर आउटर बाईपास गोहाना रोड स्थित लाखनमाजरा फ्लाईओवर के पास घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को मौके पर काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सूरज पुत्र सुरेश निवासी मदीना गोहाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो देशी पिस्तौल और चार राउंड बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाखनमाजरा में मामला दर्ज किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जबकि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी हथियार कहां से लाया था और इनका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था।


**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

# होटल मालिक पर कांच की बोतलों से जानलेवा हमला

*खाना देने से मना करने पर दो युवकों ने की मारपीट, आंख और गर्दन पर किए कई वार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव हसनगढ़ स्थित एक होटल पर खाना मांगने आए दो युवकों ने होटल मालिक पर कांच की बोतलों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में होटल मालिक घायल हो गया, जबकि आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भादी जिला सोनीपत निवासी पवन पुत्र रामभज ने बताया कि उसने गांव हसनगढ़ में होटल कर रखा है। 25 मई की रात करीब 1:30 बजे वह अपने होटल पर मौजूद था। इसी दौरान दो युवक हाथों में कांच की बोतलें लेकर वहां पहुंचे और खाने का सामान मांगने लगे। पवन के अनुसार जब उसने उन्हें सामान देने से मना कर दिया तो दोनों युवक भड़क गए। वह होटल के बाहर आया तो दोनों युवक भी उसके पीछे बाहर आ गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब वह खुद को छुड़वाकर वापस होटल के अंदर जाने लगा तो आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। युवक ने हाथ में पकड़ी कांच की बोतल उसकी बाईं आंख के ऊपर दे मारी, जबकि दूसरे युवक ने दूसरी बोतल उसकी गर्दन के बाईं तरफ मार दी। घटना के दौरान पवन ने बचाव-बचाव का शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़े। लोगों को आता देख दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

**तैयारी** | **सब ब्रांच पर 10 दिन से ज्यादा समय से किसानों का धरना जारी, नए विकल्प पर मंथन**

# रिचार्ज गैलरी फॉर्मूले पर टिकी निगाहें, भालौठ नहर विवाद में सिंचाई विभाग तलाश रहा बीच का रास्ता

- नहर पक्कीकरण को लेकर किसानों व विभाग में गतिरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भालौठ सब ब्रांच नहर के बेड को पक्का करने को लेकर किसानों और सिंचाई विभाग के बीच चल रहा विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले 10-11 दिनों से किसान नहर के पक्कीकरण के विरोध में धरने पर डटे हुए हैं, जिसके कारण निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित है। लगातार जारी गतिरोध के बीच अब सिंचाई विभाग ने "रिचार्ज गैलरी" फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि यह विकल्प किसानों और विभाग के बीच सहमति की नई राह खोल सकता है।


सिम्बोलिक फोटो एआईजेनरेटेड

### भूजल बचाने की कवायद

सूत्रों के अनुसार विभाग ऐसी तकनीकी व्यवस्था पर विचार कर रहा है, जिसमें नहर के बेड को पूरी तरह सीमेंट, लोहे और कंक्रीट से बंद नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर बीच-बीच में रिचार्ज गैलरी प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव है, ताकि नहर मजबूत भी रहे और पानी का प्राकृतिक रिसाव पूरी तरह बंद भी न हो। रिचार्ज गैलरी एक ऐसी व्यवस्था होती है, जो पानी को रोकने की बजाय नियंत्रित तरीके से जमीन के भीतर पहुंचाने का काम करती है। प्रस्ताव के तहत कुछ हिस्सों को कच्चा छोड़ने की संभावना पर भी चर्चा चल रही है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता भूजल स्तर को लेकर है। किसानों का कहना है कि वर्षों से नहर से होने वाला रिसाव आसपास के क्षेत्रों में भूजल को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। नहर किनारे लगे अनेक ट्यूबवेल इसी प्राकृतिक प्रक्रिया से पर्याप्त पानी प्राप्त करते हैं। किसानों को आशंका है कि यदि पूरे बेड को कंक्रीट और लोहे से पक्का कर दिया गया तो पानी का रिसाव रुक जाएगा, जिससे आने वाले समय में भूजल स्तर गिर सकता है और खेती व पेयजल दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

**खास खबर**

### नहरों के बेड पहले की तरह ईंटों से ही पक्के किए जाएं

चौगामा प्रधान शीशपाल बेनीवाल,उमेद सिंह, रणधीर धामड़,प्रीत सिंह, टेका, ऋषि, प्रेम, जयप्रकाश हुडा, कृष्ण, पवन , बलबीर बल्हारा, अशोक राठी ओमप्रकाश ने कहा कि हमारी मांग बेड पक्का न करने की है और ये रहेगी भी। जब तक सरकार मांग पूरा नहीं करेगी, हमारी आंदोलन जारी रहेगा। इन किसानों की राय में राय मिलाते हुए किसान सभा हरियाणा के महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि रिचार्ज गैलरी जैसे विकल्प समाधान नहीं हैं। इन्होंने कहा कि उनकी स्पष्ट मांग है कि नहरों के बेड पहले की तरह ईंटों से ही पक्के किए जाएं। उन्होंने दावा किया कि जेएलएल फीडर के कंक्रीटीकरण के बाद वहां के कई ट्यूबवेलों की जल क्षमता कम हुई है।

# देशी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** थाना शहर पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मुख्य सिपाही कर्मबीर के नेतृत्व में टीम 25 मई को सूर्या कॉलोनी सिहंपुरा रोड के पास गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध हालत में हथियार लेकर घूम रहा है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सूर्या कॉलोनी की ओर से आ रहे युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान दीपक पुत्र धर्मेंद्र, निवासी हिसार बाईपास शास्त्री कॉलोनी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस अब मामले की आगे जांच कर रही है।



**सेना भर्ती रैली का परिणाम घोषित**

# चयनित होने वाले अभ्यर्थी दस्तावेज सहित करें रिपोर्ट

**रोहतक।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा गत दिसंबर 2025 में आयोजित सेना भर्ती रैली के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी), अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणी के लिए चयनित उम्मीदवारों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। भर्ती निदेशक ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चयनित उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन और भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए शीघ्र स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय में रिपोर्ट करें। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित रूप से पूरा करने के लिए कार्यालय की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को समय समय पर आवश्यक दिशा निर्देश और सूचनाएं भी जारी की जाएंगी।

### निर्देशों का गंभीरता से करें पालन

प्रवक्ता ने कहा कि उम्मीदवारों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना चाहिए ताकि भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। दस्तावेज सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की कमी या देरी से अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अभ्यर्थी भर्ती कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। अधिक जानकारी और सहायता के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय के टेलीफोन नंबर 01262-253431, 01262-268568 तथा हेल्पलाइन नंबर 8901384498 पर संपर्क कर सकते हैं। इन नंबर से उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**बड़ी राहत : पहले चरण में बनेगी नंद मंदिर और बंटी बजाज वाली गली**

# 45 लाख से मानसरोवर कॉलोनी की बदलेगी तस्वीर

**दो चरणों में होंगे विकास कार्य, 20 से अधिक गलियों का होगा निर्माण, पेयजल व जल निकासी व्यवस्था भी होगी मजबूत**


रोहतक। सड़क पुनर्निर्माण का शुभारंभ करते पार्षद कंचन खुराना, मार्केट कमेटी अध्यक्ष अशोक चौधरी, भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसरोवर कॉलोनी में लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़कों के पुनर्निर्माण एवं क्षेत्र के समग्र विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। लगभग 45 लाख रुपये की लागत से कॉलोनी की 20 से अधिक गलियों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

विकास कार्यों का शुभारंभ निगम पार्षद कंचन खुराना, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर की उपस्थिति में हुआ। कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक आसानंद गुगनानी, रामनाथ बजाज, कृष्ण लाल शर्मा और हरबंस लाल भाटिया ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। निगम पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि मानसरोवर कॉलोनी के विकास कार्य दो चरणों में पूरे किए जाएंगे। पहले चरण में नंद मंदिर वाली गली, बंटी बजाज वाली गली, मैना टूरिज्म के पीछे वाली गली, मानसरोवर पार्क से शिव मंदिर तक की सड़क तथा बाबा राघव देव वाली गली का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मुख्य सड़क पर नई पानी की पाइपलाइन भी डाली जाएगी।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में मानसरोवर कॉलोनी की मुख्य सड़क, कैप्शन शोरूम वाली गली, स्कोलर रोसरी स्कूल वाली गली, आर्य समाज मंदिर वाली गली तथा डिपो वाली गली का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिससे कॉलोनी वासियों को परेशानियों से निजात मिलेगी।

### गुणवत्ता के साथ किए जाएंगे कार्य

कंचन खुराना ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरे किए जाएंगे। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सड़क, पानी, बिजली, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

### यह रहे मौजूद

क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से कॉलोनी की तस्वीर बदलेगी और लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता सन्नी हंस, हर्षित मिगलानी, जय सहगल, दीपक भाटिया, साहिल मग्गू, सुरेश क्षेत्रपाल, लोकेश कुमार, दीपक बजाज, राजेंद्र प्रसाद नासा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

# पिता की सख्ती और खेतों में मेहनत कर संवारा भविष्य

**मेहनत से हासिल की सरकारी नौकरी, अब समाज सेवा में ध्यान**


सुरेन्द्र वर्मा

गांव की मिट्टी में पले-बढ़े सुरेंद्र वर्मा आज उन लोगों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं, जो संघर्षों के बीच अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। खेती-किसानी से शुरू हुआ उनका सफर सरकारी नौकरी तक पहुंचा और अब रिटायरमेंट के बाद वे समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। सुरेंद्र वर्मा अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने पिता के अनुशासन और सख्ती को देते हैं। सुरेंद्र वर्मा बताते हैं कि उनका बचपन बेहद साधारण परिस्थितियों में बीता। परिवार खेती पर निर्भर था और घर की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी। सुबह खेतों में काम करना और फिर स्कूल जाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। गांव के माहौल में जहां कई बच्चे जल्दी पढ़ाई छोड़ देते थे, वहीं उनके पिता चाहते थे कि बेटा पढ़-लिखकर एक बेहतर मुकाम हासिल करे।



### पिता के अनुशासन से मिली सही दिशा

वे बताते हैं कि पिता का स्वभाव बेहद अनुशासित था। पढ़ाई में जरा भी लापरवाही होने पर पिता के हाथ में लठ रहता था। उस समय कई बार गुस्सा आता था और लगता था कि पिता बहुत सख्त हैं, लेकिन आज समझ आता है कि उनकी सख्ती के पीछे बेटे का भविष्य छिपा था। सुरेंद्र वर्मा याद करते हुए कहते हैं कि कई बार पिता टांडे के आगे तक दौड़ लगाकर उन्हें पकड़ लाते थे, ताकि वे पढ़ाई से दूर न भागें। इसी अनुशासन और मेहनत का परिणाम रहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी हासिल की। आज सुरेंद्र वर्मा गांव और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### मस्ती में बीती जिंदगी, नौकरी लगते ही बदल गई किस्मत

मेरा नाम रामबीर है और सच कहूं तो जिंदगी कब हंसते-खेलते निकल गई, पता ही नहीं चला। रामबीर मुस्कुराते हुए बताते हैं कि उनका बचपन बेहद साधारण लेकिन खुशियों से भरा था। पिता हमेशा पढ़ाई और नौकरी को लेकर सख्त रहते थे। उनका एक ही सपना था कि बेटा पढ़-लिखकर अच्छी सरकारी नौकरी करे। हालांकि पढ़ाई का दबाव जरूर था, लेकिन खाने-पीने और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में कभी कोई कमी नहीं रही। गांव की गलियों में खेलना, दोस्तों के साथ घूमना और घर के स्वादिष्ट खाने का आनंद लेना, यही उनकी जिंदगी का सबसे सुनहरा दौर था। रामबीर बताते हैं कि समय के साथ मेहनत रंग लाई और आखिरकार सरकारी नौकरी लग गई। नौकरी मिलते ही जिंदगी पूरी तरह बदल गई। वे मजाकिया अंदाज में कहते हैं, "पहले पिता पढ़ाई के लिए डांटते थे, अब लोग सरकारी नौकरी देखकर इज्जत देते हैं। सरकार ने नौकरी देकर जिंदगी की मौज ही अलग कर दी। रामबीर की कहानी यह बताती है कि मेहनत और मस्ती का सही संतुलन इंसान को जिंदगी में आगे बढ़ने की ताकत देता है।



### राकेश कुमार को अब लोगों की मदद में मिलता है सुकून

मेरा नाम राकेश कुमार है। बचपन से ही जिंदगी ने जिम्मेदारियां उठाना सिखा दिया था। राकेश बताते हैं कि कम उम्र में ही उन्हें खेती और घर के कामकाज संभालने पड़े। खेतों में मेहनत करना, परिवार का हाथ बंटाना और हर परिस्थिति में जिम्मेदारी निभाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। गांव के माहौल में पले-बढ़े राकेश ने मेहनत और संघर्ष को बहुत करीब से देखा। पढ़ाई के साथ-साथ खेती का काम संभालना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। धीरे-धीरे यही संघर्ष उनकी ताकत बन गया। आज राकेश कुमार समाजसेवा के जरिए लोगों की मदद कर रहे हैं। किसी जरूरतमंद की सहायता करना, युवाओं को प्रेरित करना और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उन्हें सुकून देता है। वे मानते हैं कि इंसान की असली खुशी दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है। राकेश कहते हैं, पहले परिवार की जिम्मेदारी निभाने में खुशी मिलती थी, अब समाज के लिए कुछ अच्छा करने में मजा आता है।" उनकी सोच और सेवा भावना आज कई लोगों के लिए प्रेरणा बन रही है।



---

## कांग्रेस की असलियत बताई तो लगी मिर्ची : मनीष ग्रोवर



रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बयान पर तीखा जवाबी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित सद्भावना यात्रा की सच्चाई जनता के सामने रखने पर कांग्रेस नेताओं को मिर्ची लग गई है। कांग्रेस के नेताओं की गुटबाजी, सत्ता के लिए संघर्ष और शासनकाल में हुई लूटपाट से हरियाणा का हर नागरिक भली-भांति परिचित है। वहीं, कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा पर कांग्रेस का बंटाधार करने के गंभीर आरोप तक लगा चुके हैं, इसलिए उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बीते दिन कांग्रेस के नेताओं द्वारा की गई पत्रकार वार्ता का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कोई अवसरवादी दल नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता जनसंघ के समय से लेकर आज तक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता आया है। ग्रोवर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति परिवारवाद, भ्रष्टाचार और सत्ता बचाने तक सीमित रही है। हुड्डा के 10 साल के शासनकाल में हरियाणा भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद का अड्डा बन गया था। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को विकास नहीं, बल्कि लूट और भ्रष्टाचार की राजनीति दी।


रोहतक। आयोजित सिंचाई विभाग की मासिक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## 15 जून तक अधिकारी पूरी करें बाढ़ बचाव परियोजनाएं : उपायुक्त

रोहतक। मानसून और धान सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ बचाव के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि सरकार से स्वीकृत सभी बाढ़ बचाव परियोजनाओं को 15 जून तक पूरा किया जाए, ताकि धान की रोपाई शुरू होने के बाद काम प्रभावित न हो। मंगलवार को कैंप कार्यालय में आयोजित सिंचाई विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने पिछले मानसून सीजन से जुड़े लंबित कार्यों और नई परियोजनाओं की समीक्षा की। जिले में 65 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 33 बाढ़ बचाव परियोजनाओं पर काम चल रहा है। बैठक में जल निकासी से जुड़ी भूमिगत पाइपलाइन परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि 15 जून के बाद किसान धान की रोपाई शुरू कर देते हैं, इसलिए इससे पहले सभी पाइपलाइन संबंधी कार्य पूरे कर लिए जाएं।

# ऑनलाइन अपील फाइलिंग प्रणाली से प्रक्रिया होगी सरल व पारदर्शी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डिजिटल शासन को बढ़ावा देने और नागरिकों को त्वरित व सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के ट्रिब्यूनल ने ऑनलाइन अपील फाइलिंग प्रणाली शुरू की है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि यह नई व्यवस्था नागरिकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और इससे अपील प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी तथा प्रभावी बनेगी। उपायुक्त ने बताया कि इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं में आसानी प्रदान करना तथा उन्हें अनावश्यक समय, श्रम और खर्च से बचाना है। यह कदम डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, जिससे लोगों को सरकारी सेवाएं अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा द्वारा ऑनलाइन अपील फाइलिंग प्रणाली का शुभारंभ किया गया है।

### लोगों को काटने पड़ते थे कार्यालय के चक्कर



डीसी ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम, 1963 के तहत अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई जिला नगर योजनाकार द्वारा की जाती है। इन अधिकारियों को संबंधित अधिकार निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा द्वारा प्रदान किए गए हैं। ऐसे मामलों से प्रभावित व्यक्तियों को संबंधित ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को अपील दायर करने के लिए स्वयं ट्रिब्यूनल कार्यालय पहुंचना पड़ता था या अधिवक्ता के माध्यम से भौतिक रूप में दस्तावेज जमा करवाने पड़ते थे। इस प्रक्रिया में समय और धन दोनों अधिक खर्च होते थे। कई बार दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

## न्यूज डायरी



### नौतपा की गर्मी में श्रद्धालुओं को पिलाया ठंडा शरबत

रोहतक। नौतपा की भीषण गर्मी को देखते हुए श्रीबालाजी युवा सेवा समिति की ओर से गंगा दशहरा एवं एकादशी के उपलक्ष्य में दो दिवसीय रूह अफजा शरबत छबील का आयोजन किया गया। यह छबील सोमवार और मंगलवार को वैश्य व्यायामशाला गौशाला, जनता कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में लगाई गई। समिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। आयोजन के दौरान करीब 2000 श्रद्धालुओं ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीबालाजी युवा सेवा समिति पिछले 16 वर्षों से लगातार सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है तथा जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता देती है। इस सेवा कार्य में समिति के प्रधान संजय गोयल, राजेश राठौर, प्रेमपाल, धैर्य, मन्नत, निशांत और यश सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया और श्रद्धालुओं की सेवा की।



### आगाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटा भोजन

रोहतक। आग़ाज़ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिवालय मंदिर, रेलवे स्टेशन के नजदीक जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा भावना से जुड़े इस अभियान में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा एडवोकेट ममता रोहिल्ला, सेक्रेटरी मैडम नीरू, मैडम नीलम, प्रवीण मित्तल तथा कोषाध्यक्ष एडवोकेट अजय सचदेवा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने स्वयं लोगों को भोजन वितरित कर सेवा कार्य में भागीदारी निभाई। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था लगातार सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्य करती आ रही है। जरूरतमंद लोगों की सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## राजकीय कॉलेज मोखरा में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, ग्रामीणों को बताया अंगदान का महत्त्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


महम। राजकीय महाविद्यालय मोखरा में आयोजित शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते ग्रामीण।

साक्षी मलिक राजकीय कॉलेज मोखरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोखरा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ कॉलेज परिसर में पहुंचे और कॉलेज के विद्यार्थियों तथा मोखरा गांव के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्रारंभिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। शिविर के दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, बीएमआई, दंत स्वास्थ्य एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गईं। शिविर के दौरान अंगदान का महत्त्व बताया गया। दिव्या गोसांई द्वारा इस विषय पर एक विशेष जागरूकता व्याख्यान भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को अंगदान के महत्व, मानव जीवन बचाने में उसकी भूमिका तथा समाज में इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू नैन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

## अमरनाथ यात्रियों की सेवा के लिए एक जुलाई से लगेगा विशाल भंडारा

रोहतक। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए अमरनाथ सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा 34वां विशाल भंडारा 1 जुलाई से बालटाल रोड स्थित बेसकैंप मनीगाम, कश्मीर में आयोजित किया जाएगा। संस्थान की ओर से यात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, कंबल, क्लॉक रूम तथा ठहरने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी अशोक मदान ने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों की टीम 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। संस्था वर्ष 1992 से लगातार अमरनाथ यात्रियों की सेवा के लिए भंडारा आयोजित करती आ रही है और यह सेवा कार्य इस वर्ष 34वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संस्था के सेवादार यात्रियों की सेवा के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अमरनाथ यात्रियों को और बेहतर सुविधा व सुरक्षा उपलब्ध करवाने की मांग भी की।

- **मनीगाम बेसकैंप में भोजन, ठहरने और चिकित्सा सुविधा रहेगी उपलब्ध**

## महम के वार्ड 9 में टूटी पड़ी पुलिया, गहरी नींद में नपा अधिकारी, आमजन परेशान


महम। शहर के वार्ड 9 में टूटी पड़ी पुलिया।

महम। कस्बा महम के वार्ड 9 की मुख्य गली की पुलिया पिछले कई दिन से टूटी पड़ी है। कई दिन से यह पुलिया हादसों को न्योता दे रही है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश भारद्वाज ने बताया कि यह रास्ता नगर पालिका की अध्यक्ष भारती पंवार के घर की तरफ भी जाता है। फिर भी नगर पालिका प्रशासन की नींद नहीं खुल रही। जब नगर पालिका अध्यक्ष की मुख्य गली के यह हालात हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर की अन्य पुलियों के क्या हालात होंगे। शहर में अनेकों पुलिया टूटी हुई हैं उनकी तरफ भी नपा प्रशासन ध्यान नहीं है।

**परेशानी** | **पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों ने नपा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

**शहर की बाहर कॉलोनियों में सफाई करने नहीं जाते नगर पालिका के सफाई कर्मचारी**

# महम में सीवर और नाले गंदगी से अटे, हर माह बर्बाद किया जा रहा सफाई पर लाखों का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


महम। नगर पालिका कार्यालय में शहर की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिलने पहुंचे जनप्रतिनिधि।

महम शहर में सफाई व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो चुका है। यहां गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। अनेक जगहों पर सीवरेज पाइप लाइन जाम है। सीवर की मेनहॉल के ढक्कन टूटे पड़े हैं। महम नगर पालिका के वार्ड 5 से पार्षद अनिल कुमार, वार्ड 9 से पार्षद कौशल्या के पति जयनारायण और वार्ड तीन की पार्षद रेनू के पति मान सिंह बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपए का बजट बर्बाद किया जा रहा है। सरकार पैसा खर्च कर रही है, लेकिन उसका किसी को कोई लाभ नहीं मिल रहा। सीवरेज और नालों की सफाई नहीं की जा रही। नाले और सीवर जाम होने से बदबू फैल रही है। शहर की बाहरी कॉलोनियों में सफाई कर्मचारी कभी सफाई करने नहीं जाते। शहर में जाते हैं, तो वहां पर ठीक से सफाई नहीं की जाती। नगर पालिका पार्षद अपने वार्डों में साफ सफाई, बिजली व पानी संबंधित समस्याओं के लिए अधिकारियों से संपर्क करते हैं, तो कोई समाधान नहीं किया जाता। रूटीन के छोटे छोटे कामों के लिए भी पार्षदों को अधिकारियों के आगे गुहार लगानी पड़ती है। महम में अधिकारियों व कर्मचारियों पर सरकार का कोई दबाव नहीं है। न ही कोई नेता यहां ऐसा है, जिसका अफसरों पर प्रभाव हो और वह जनता के काम करवा सके।

### नए नालों के लिए बनाई जा रही योजना



पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि शहर में जगह जगह नाले टूटे पड़े हैं। शहर के नालों को दोबारा बनाया जाएगा। नालों के निर्माण को लेकर एक कार्य योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही सरकार व विभाग से इसके लिए मंजूरी ली जाएगी। नालों के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं।

## खुले में कचरा फेंका तो अब होगी कार्रवाई : डीसी

रोहतक। मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी कचरा खुले में न डाला जाए और सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित कर शहर को सुंदर, स्वच्छ तथा जलभराव मुक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम समय रहते पूरे किए जाएं। मंगलवार को कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने शहर की साफ सफाई, ड्रेनों की स्थिति तथा आगामी वर्षा ऋतु के लिए किए जा रहे प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सफाई कर्मचारियों द्वारा घरों और सड़कों से एकत्रित कचरे को सीधे कचरा संग्रहण वाहनों में डाला जाए। किसी भी स्थिति में सड़क किनारे अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का अस्थायी ढेर नहीं लगना चाहिए। सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घर घर सफाई अभियान के तहत संचालित कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या की समीक्षा कर आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगाई जाएं। साथ ही मैन्युअल स्विपिंग के दौरान निकलने वाले कचरे को भी तुरंत वाहनों में डाला जाए ताकि खुले में कचरा जमा न हो। बैठक के दौरान अधिकारियों को निजी तौर पर कचरा एकत्रित करने वाले रेहड़ी चालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के लिए कहा गया।

### प्रो. नर सिंह चौहान बने मदवि में बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू एक्ट के स्टैचुएट 21 के प्रावधानों के तहत बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. नर सिंह चौहान को बायोकेमिस्ट्री विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि बतौर बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो नर सिंह चौहान की नियुक्ति 19 मई 2026 से आगामी तीन वर्षों के लिए की गई है। डॉ. चौहान विभागाध्यक्ष के साथ-साथ विभाग के जन सूचना अधिकारी का दायित्व भी संभालेंगे।

### मदवि में सीएपीएफ परीक्षा की कोचिंग 14 जून से

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) आगामी जुलाई 2026 में होने वाली केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) परीक्षा के लिए कोचिंग प्रोग्राम 14 जून से शुरू करेगा। यूसीसीई निदेशक प्रो जेएस हुड्डा ने बताया कि इस कोचिंग प्रोग्राम में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 12 जून तक आवेदन कर सकते हैं। सीएपीएफ परीक्षा की ऑफलाइन कोचिंग कक्षाएं 14 जून से 17 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएंगी। कोचिंग प्रोग्राम एमडीयू परिसर स्थित यूसीसीई (स्वराज सदन) में आयोजित होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में स्वराज सदन स्थित यूसीसीई ऑफिस में विजिट की जा सकती है।

### जयहिंद प्रमुख नवीन के पिता का निधन, अर्पित की श्रद्धांजलि

सांपला। सामाजिक कार्यकर्ता एवं जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद के पिता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और उपचाराधीन थे। मंगलवार को सांपला खंड के गांव भैंसरू कलां में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में जयहिंद सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के लोगों तथा गांव के अनेक ग्रामीणों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## गर्मियों की छुट्टियां बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का अवसर

# खेल, नई स्किल, पौष्टिक आहार और परिवार का साथ बना सकता है बच्चों का भविष्य बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठते हैं। स्कूल की पढ़ाई और परीक्षा के दबाव से दूर यह समय बच्चों के लिए आराम, मस्ती और नई चीजें सीखने का बेहतरीन मौका लेकर आता है। यदि छुट्टियों का सही तरीके से उपयोग किया जाए तो यही समय बच्चों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास की मजबूत नींव बन सकता है। आज के डिजिटल दौर में जहां बच्चे मोबाइल, टीवी और वीडियो गेम्स में ज्यादा समय बिताने लगे हैं, वहीं शिक्षाविद और विशेषज्ञ बच्चों को खेलकूद, नई स्किल सीखने, किताबें पढ़ने और परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि गर्मियों की छुट्टियां सिर्फ समय बिताने का नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का अवसर होती हैं।

सिटी पल्स

### गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करें

गर्मी के मौसम में बच्चों को सबसे ज्यादा जरूरत होती है सही खानपान और पर्याप्त पानी की। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच बच्चों को अधिक पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। साथ ही तरबूज, खरबूजा, आम, खीरा और संतरा जैसे मौसमी फल बच्चों को ऊर्जा और ठंडक दोनों देते हैं। बच्चों को सुबह और शाम के समय आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, साइकिलिंग जैसी गतिविधियां बच्चों को फिट रखने के साथ उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन भी बढ़ाती हैं।

### छुट्टियां नई स्किल सीखने के लिए

गर्मियों की छुट्टियां नई स्किल सीखने के लिए भी सबसे अच्छा समय मानी जाती हैं। ड्राइंग, पेंटिंग, डांस, म्यूजिक, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश और क्राफ्ट जैसी गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करती हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम होता है और वे मानसिक रूप से अधिक सक्रिय रहते हैं।

**ड्राइंग, पेंटिंग, डांस, म्यूजिक, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश या क्राफ्ट से निखारें हुनर**

**सुबह या शाम आउटडोर गेम्स खेलना बेहद फायदेमंद साबित होगा**

### छुट्टियों में सीखें कुछ नया

गर्मियों की छुट्टियां बच्चों के लिए सिर्फ खेलने और आराम करने का समय नहीं होतीं, बल्कि खुद को नई दिशा देने का बेहतरीन अवसर होती हैं। इस दौरान बच्चे अपनी पसंद की नई गतिविधियां सीखकर हुनर को निखार सकते हैं। ड्राइंग, पेंटिंग, डांस, म्यूजिक, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश या क्राफ्ट जैसी गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करती हैं। जब बच्चे अपनी रुचि के अनुसार कुछ नया सीखते हैं तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। नई चीजें सीखने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है कई बच्चे इसी दौरान अपने करियर की रुचि भी पहचान लेते हैं। इसके अलावा नई गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का मोबाइल और टीवी पर समय भी कम होता है। वे मानसिक रूप से सक्रिय रहते हैं और सकारात्मक सोच विकसित होती है।



-दीपक कुमार वशिष्ठ, प्राचार्य, इंडस पब्लिक स्कूल

### सेहतमंद आदतें ही बच्चों को बनाएंगी मजबूत



भीषण गर्मी के मौसम में बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच बच्चों को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो और वे बीमारियों से बचे रहें। बच्चों को दिनभर बाहर धूप में खेलने की बजाय घर के अंदर रहकर समय बिताना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता के छोटे-मोटे कामों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे बच्चों में जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ती है और परिवार के साथ उनका जुड़ाव मजबूत होता है। गर्मियों में मौसमी फल और फ्रूट्स बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। तरबूज, खरबूजा, आम, खीरा, संतरा और अन्य रसीले फल शरीर को ठंडक देने के साथ जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा बच्चों को नियमित और संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें दाल, हरी सब्जियां, दूध और पौष्टिक भोजन शामिल हो।

-कृष्ण फौगाट, शैक्षणिक निदेशिका, एचडी पब्लिक स्कूल।

### आउटडोर गेम्स से बच्चों का बढ़ता है आत्मविश्वास



आज के डिजिटल दौर में बच्चे मोबाइल और टीवी की दुनिया में ज्यादा समय बिताने लगे हैं, जिससे उनकी शारीरिक गतिविधियां कम होती जा रही हैं। ऐसे में सुबह या शाम के समय आउटडोर गेम्स खेलना बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है। क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, साइकिलिंग और योग जैसी गतिविधियां न केवल शरीर को फिट रखती हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। खुले मैदान में खेलकूद करने से बच्चों का मानसिक तनाव कम होता है और उनका ध्यान पढ़ाई में भी बेहतर लगता है। -सुरेंद्र मलिक, डायरेक्टर, जॉन वेस्ले स्कूल

## खिलाड़ियों ने दिखाया दम, हरियाणा का खेलों में बढ़ाया गौरव

# 34वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता: गर्ल्स डबल्स का खिताब अर्शिता व शायना की जोड़ी ने जीता



रोहतक। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, बैडमिंटन एसोसिएशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष तथा हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

**विभिन्न आयु वर्गों के जिला स्तरीय मुकाबलों में लगभग 500 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

**अजय सिंघानिया बोले, खेलों से हमारे जीवन में अनुशासन एवं टीम भावना होती है विकसित**

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) रोहतक द्वारा आयोजित 34वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि, बैडमिंटन एसोसिएशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष तथा हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने शिरकत की। समापन समारोह की अध्यक्षता डीबीए रोहतक के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने की। गर्ल्स डबल्स का खिताब अर्शिता व शायना की जोड़ी ने जीता। मुख्य अतिथि, अजय सिंघानिया ने समापन समारोह में उपस्थित गण को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के बैडमिंटन खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में जीत हासिल कर हरियाणा का गौरव बढ़ा रहे हैं। खेलों की हमारे जीवन में अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करने में अहम भूमिका है। उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी खेल में हार-जीत से ज्यादा अहम है खेलों में भाग लेना। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्षीय संबोधन में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि विभिन्न आयु वर्गों के जिला स्तरीय मुकाबलों में लगभग 500 खिलाड़ियों ने अपना दम-खम दिखाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न श्रेणियों के फाइनल मैचों में खिलाड़ियों ने पूरा जोश दिखाते हुए कड़ा मुकाबला किया। सभी विजेता और रनर अप खिलाडियों को मुख्य अतिथि अजय सिंघानिया, जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार और डी.बी.ए. के पदाधिकारियों ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में यशपाल सिंह पंवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

**परिणाम: अंडर-09**

**गर्ल्स सिंगल्स** : सावी ने राशिका को हराकर खिताब जीता, **बॉयज सिंगल** : पलवित ने करण प्रताप सिंह को हराया।
**बॉयज डबल्स** : दक्ष व पलवित की जोड़ी ने करण प्रताप सिंह व मोक्ष की जोड़ी को पछाड़ा।

**अंडर-11**

**गर्ल्स सिंगल्स** : देवांगना ने सृष्टि को हराया।
**गर्ल्स डबल्स**: देवांगना व ईशु की जोड़ी ने आरोही व अक्षिता को पराजित किया।
**बॉयज सिंगल**: मनवीर ने जहान को हराया।
**बॉयज डबल्स** : मनवीर व विश्वेंद्र की जोड़ी ने कनिष्क व सक्षम को हराया।

**अंडर-13**

**गर्ल्स सिंगल्स** : प्राशी ने देवांगना को हराकर फाइनल जीता।
**गर्ल्स डबल्स** : प्राशी व नायशा की जोड़ी ने अलीना व उदिता को हराया।
**बॉयज सिंगल्स** : पर्व ने कुंवरजीत को पराजित किया।
**बॉयज डबल्स** : जीवांश व पर्व की जोड़ी ने यश व दीपांशु को हराया।

**अंडर-15**

**गर्ल्स सिंगल्स** : का खिताब अश्मी ने प्राशी को हराकर जीता।
**गर्ल्स डबल्स** : दक्षा व लाव्शा की जोड़ी ने तनिषा व वानी को पराजित किया।
**बॉयज सिंगल्स** : पूर्व ने हरमन को हराया।
**बॉयज डबल्स** : गुनित व यक्षांश की जोड़ी ने आयुष व श्रेयांश को पराजित किया।
**मिक्स्ड डबल्स** : अरमान व दक्षा की जोड़ी, गुनित व न्याशा को हराकर विजेता बनी।

**अंडर-17**

**गर्ल्स सिंगल्स** : खुशी, अक्षिता को हराकर विजेता बनी।
**गर्ल्स डबल्स** : अक्षिता व खुशी की जोड़ी ने अश्मी व जानिया को हराकर खिताब अपने नाम किया।
**बॉयज सिंगल्स** : जतिन ने दक्ष को हराया।
**बॉयज डबल्स** : रितिक व यश की जोड़ी ने आदित्य व हृतिक को हराया।
**मिक्स्ड डबल्स** : रितिक व अक्षिता की जोड़ी ने यश व खुशी को पराजित किया।

**अंडर-19**

**गर्ल्स सिंगल** : गरिमा ने सीरत को हराया।
**गर्ल्स डबल्स** : अर्शिता व शायना की जोड़ी ने अक्षिता व खुशी को पराजित किया।
**बॉयज सिंगल्स** : यश ने पार्थ को हराया।
**बॉयज डबल्स** : पार्थ व यश की जोड़ी ने आर्यन व वंश को पछाड़ा।
मिक्स्ड डबल्स में यश व खुशी की जोड़ी ने सुजल व सीरत को हराया।

**अन्य वर्ग**

**वूमेन सिंगल्स**: गरिमा ने सीरत को हराकर अपने नाम किया।
**वूमेन डबल्स** : फाइनल में अक्षिता व खुशी की जोड़ी, पलक व उन्नति हुड्डा को हराकर विजेता बनी।
**मेंस सिंगल्स** : वंश ने गौतम को हराया।
**मेंस डबल्स** : अंशुल व सन्नी ने साहिल व विमल की जोड़ी को हराया।

## नेशनल सीनियर एथलेटिक्स: हरियाणा ने जीते 16 पदक जीते



रोहतक। 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 22 मई से 25 मई तक किया गया। यह प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य से 25 पुरुष और 19 महिला खिलाडियों सहित 44 एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदेश के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक एवं 7 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि कृष्ण कुमार भिवानी ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, बालकिशन भिवानी ने स्टेपल चेज में स्वर्ण पदक, संदीप कुमार महेंद्रगढ़ ने रेस वाक में स्वर्ण पदक, रवीना जींद ने रेस वाक में स्वर्ण पदक और शिल्पा रानी जींद ने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक विजेता बनकर एथलेटिक्स हरियाणा की शान बढाई। रूबीना रेवाड़ी ने हाई जंप में कांस्य पदक, अंजू हिसार ने स्टेपल चेज में कांस्य पदक, अजय कुमार भिवानी ने हैमर थ्रो में कांस्य पदक, अंजू हिसार ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, तमन्ना जींद ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। प्रदीप मलिक ने कहा कि कृष्ण कुमार भिवानी ने 800 मीटर दौड़ में 1 मिनट 47 सेकेंड 68 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। 200 मीटर दौड़ में तमन्ना जींद हरियाणा ने 24 सेकेंड 06 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। खुशी हरियाणा ने हैप्टाथलान इवेंट में 5435 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। हाई जंप इवेंट में रूबीना यादव रेवाड़ी ने 1 मीटर 73 सेंटीमीटर की ऊंची छलांग के साथ कांस्य पदक जीता। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल, राजकुमार मिटान सदस्य एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, दिलबाग सिंह अध्यक्ष एथलेटिक्स और हनुमान सिंह भादू वरिष्ठ उपाध्यक्ष एथलेटिक्स एवं अन्य पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक विजेता बनने पर शुभकामनाएं प्रदान की।

## न्यूज डायरी



### कुलपति ने किया एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम का दौरा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम का आधिकारिक दौरा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू-सीपीएएस (गुरुग्राम) में चल रही सेमेस्टर परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र का भ्रमण किया। उन्होंने दिशा-निर्देश दिया कि परीक्षा व्यवस्था का संचालन सुचारू ढंग से पूरी शुचिता के साथ किया जाए। कुलपति ने एमडीयू-सीपीएएस के पुस्तकालय का दौरा किया तथा पुस्तकालय की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया।

### पौधों को सूखने से बचाने के लिए दिया पानी



रोहतक। सड़क पर लगे पेड़ पौधों को गर्मी में सूखने से बचाने के लिए मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट और बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर की तरफ से मुहिम शुरू की गई है। जिसके तहत सड़क किनारे लगे पौधों को टैंकर की मदद से पानी दिया। साथ ही पौधों के आसपास सफाई की, ताकि पौधों को सूखने से बचाया जा सके। इस मुहिम के तहत जसिया और ब्राह्मणवास हाईवे पर लगे पौधों में पानी दिया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि शहर में सड़क किनारे लगे पौधे सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। इसी चीज को ध्यान में रखते हुए संस्था की तरफ पानी का टैंकर मंगाया गया और जसिया और ब्राह्मणवास हाईवे पर लगे पौधों में पानी दिया गया।



### एचडी पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा प्रसार कार्यक्रम

रोहतक। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप बहु अकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक बहु अकबरपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय भाषा का प्रचार -प्रसार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कक्षा छठी से 12वीं के विद्यार्थियों में बहुभाषावाद, सांस्कृतिक समझ, राष्ट्रीय एकता एवं संवाद कौशल का विकास करना है। "लर्न वन मोर भारतीय भाषा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त एक अन्य भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे भारत की विविध भाषाओं और संस्कृतियों को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के महत्व, उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा भाषा संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



### जिला बार एसोसिएशन का भव्य समारोह

रोहतक। जिला बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह मेमोरियल हॉल में न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में भव्य स्वागत, विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के बीच आपसी सौहार्द एवं समन्वय को और मजबूत करना रहा। समारोह में न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और बार के सैकड़ों सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गूगल सिंह हुड्डा, प्रदीप मालिक, जेके गक्खड़, बच्चन राम अरोड़ा, अनिल शर्मा, दीपक भारद्वाज, ओम प्रकाश पूनिया, रमेश अरोड़ा, सुरेंद्र विजेंद्र सिंह राठी, त्रिवेणी वर्मा, लवलीन नारंग, लवीना सिंगला, जगदीश राठी, सुरेंद्र वर्मा, दीपक सहरावत, कुशल कुंडू, वरुण कौशिक, रेनू शास्त्री सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने साझा किए अनुभव

रोहतक। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन हिसार रोड स्थित जेपी कॉलोनी में उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष मान रामचरण सिंगला, स्कूल के कोषाध्यक्ष अंकुश तथा शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश मित्तल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों और बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष रामचरण सिंगला ने बच्चों से प्रश्न पूछकर जाना कि उन्होंने पांच दिनों के शिविर में क्या-क्या सीखा। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपने अनुभव साझा किए। बाल संस्कार संयोजक संदीप गुप्ता ने बच्चों को जल संरक्षण और गीले-सूखे कचरे को अलग रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर साक्षी बंसल, सुमन गर्ग, सीमा गुप्ता, मोनिका बंसल, योगेश गुप्ता, मीनाक्षी मित्तल, स्नेह गुप्ता तथा विकास गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एआई टूल्स शिक्षा का भविष्य, लेकिन जिम्मेदारी से करें उपयोग : प्रो. नसीब

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गणितीय एवं कम्प्यूटेशनल विज्ञान संकाय के डीन तथा कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित टूल्स शिक्षा, शिक्षण और शोध की दिशा बदल रहे हैं, लेकिन इनके प्रभावी उपयोग के साथ जिम्मेदारी और नैतिकता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पेडागॉजी के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, इंटरैक्टिव और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। प्रो. नसीब सिंह गिल केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 11वें शॉर्ट टर्म प्रोग्राम- एआई टूल्स फॉर लर्निंग, टीचिंग एंड रिसर्च के अंतर्गत डिजिटल पेडागोजी : शिक्षण-अधिगम में एआई टूल्स का समावेश- एजीआई और एएसआई की राह में अवसर एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में एनसीआर सहित देश के विभिन्न राज्यों से करीब 275 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में प्रो. गिल ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) और आर्टिफिशियल सुपर इंटेलिजेंस (एएसआई) की अवधारणाओं, संभावनाओं और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. श्रीराम पांडेय ने विशेषज्ञ वक्ता प्रो गिल का स्वागत किया, जबकि डॉ. रीमा सिंह ने ने उनका परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने एआई टूल्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सहायक प्रोफेसर डॉ. अनु सिंह ने अंत में आभार जताया।

## इनेलो का संगठन विस्तार:डॉ. राजपाल देशवाल लीगल सेल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



रोहतक। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए रोहतक के डॉ. राजपाल देशवाल एडवोकेट को लीगल सेल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए है। यह जानकारी पार्टी के मीडिया प्रभारी कृष्ण कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा व लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप गोयत से विचार विमर्श करके ही डॉ. राजपाल को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. देशवाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह पूरी ईमानदारी से उसका निवर्हन करेगे। साथ ही लोगों को न्याय दिलाले के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो का लीगल सेल का मुख्य उदेश्य यही है कि सरकार व प्रशासन से परेशान लोगों की मदद करना और उन्हें न्याय उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है और इनेलो पार्टी की विपक्ष की भूमिका निभा रही है और लोगों की आवाज को सडक़ से लेकर सदन तक उठा रही है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप गोयत का आभार भी व्यक्त किया।


**सूचना**

मैं, सत्यवान पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी फरमाना खास, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राकेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**CSC CENTRE**
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## एमडीयू के बायोइंफॉर्मेटिक्स कोर्स से खुलेंगे रिसर्च और रोजगार के रास्ते

# दवा डिजाइनिंग से मशीन लर्निंग तक, युवाओं को मिल रहे शानदार अवसर



■ ब्लेंडेड मोड में आधुनिक तकनीकों और सॉफ्टवेयर की दी जाएगी ट्रेनिंग

स्टूडेंट्स गाइड

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू)के सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स द्वारा सत्र 2026 के लिए एमएससी बायोइंफॉर्मेटिक्स और पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में दाखिले शुरू कर दिए गए हैं। आधुनिक तकनीक और रिसर्च आधारित इस कोर्स के जरिए युवाओं को बायोटेक्नोलॉजी, जीनोमिक्स, मशीन लर्निंग और कंप्यूटर आधारित दवा डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता दी जाएगी। विभाग का दावा है कि यहां से पढ़े विद्यार्थी देश ही नहीं बल्कि यूएसए, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के प्रतिष्ठित संस्थानों में रिसर्च और उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त कर रहे हैं। यह कोर्स युवाओं के लिए रोजगार और रिसर्च के नए रास्ते खोल रहा है। सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स (सीबीआईएनएफ) द्वारा सत्र 2026 के लिए एमएससी बायोइंफॉर्मेटिक्स (2 वर्षीय) और पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी (पीजीडीसीबी) (1 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### रेगुलर कोर्स के साथ करें पीजी डिप्लोमा

सीबीआईएनएफ निदेशक डॉ. महक डांगी ने बताया कि जिन छात्रों ने बीएससी लाइफ साइंस या इससे संबंधित विषयों से अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की है, वे इन कोर्सेज के लिए योग्य हैं। पीजीडीसीबी को किसी भी अन्य रेगुलर पीजी कोर्स के साथ भी किया जा सकता है। इसका सीधा मतलब यह है कि जो छात्र लाइफ साइंसेज के किसी भी विषय से अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे हैं या करना चाहते हैं, लेकिन साथ ही अपनी कम्प्यूटेशनल स्किल्स को भी मजबूत करना चाहते हैं, वे इस डिप्लोमा प्रोग्राम में एक साथ इनरोल कर सकते हैं।

### डिप्लोमा प्रोग्राम का क्रेज बढ़ा

पिछले 3 सालों से चल रहे इस डिप्लोमा प्रोग्राम का क्रेज छात्रों के बीच काफी तेजी से बढ़ा है। यह कोर्स ब्लेंडेड मोड (ब्लेंडेड मोड ऑनलाइन और ऑफलाइन में संचालित किया जाता है। इस कोर्स के दौरान छात्रों को आधुनिक सॉफ्टवेयर और तकनीकों के माध्यम से निम्नलिखित मुख्य विषयों की ट्रेनिंग दी जाती है।

### विदेशों में भी मौके

इसके अलावा विभाग के विद्यार्थी विदेशों में यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोप के शीर्ष संस्थानों में पीएचडी और पोस्ट-डॉक जैसी उच्च शिक्षा और रिसर्च करके विभाग व विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

### करियर की अपार संभावनाएं

1 अकादमिक और शिक्षण क्षेत्र

**असिस्टेंट प्रोफेसर / लेक्चरर**: विश्वविद्यालय और कॉलेजों में बायोइंफॉर्मेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी या लाइफ साइंसेज के विभागों में अध्यापन।

स्कूल टीचर (पीजीटी): सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में जीव विज्ञान और संबंधित विषयों के शिक्षक के रूप में।

2. **अनुसंधान और विकास साइंटिस्ट**: सरकारी और निजी अनुसंधान प्रयोगशालाओं (जैसे सीएसआईआर, आईसीएमआर, डीबीटी के संस्थान) में रिसर्च साइंटिस्ट के रूप में।

**बायोइंफॉर्मेटिक्स रिसर्च एसोसिएट**: जीनोमिक और बायोलॉजिकल डेटा को डिकोड करने के लिए रिसर्च प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना।

**उच्च शिक्षा (पीएचडी और पोस्ट डॉक)**: भारत के साथ-साथ यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोप के शीर्ष संस्थानों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च स्तरीय शोध करने के अवसर।

3. कॉर्पोरेट और इंडस्ट्रियल सेक्टर

**फार्मास्युटिकल कंपनियां (दवा उद्योग)**: दवाइयों की खोज और कंप्यूटर एडेड ड्रग डिजाइनिंग के लिए फार्मा कंपनियों में भारी मांग।

**बायोटेक और हेल्थकेयर इंडस्ट्री**: डायग्नोस्टिक्स कंपनियों में क्लीनिकल डेटा एनालिसिस और जेनेटिक टेस्टिंग के लिए।

**डेटा एनालिस्ट / जीनोमिक डेटा साइंटिस्ट**: जीनोम सीक्वेंसिंग से निकलने वाले विशाल डेटा को मैनेज और एनालाइज करने के लिए आईटी और बायोटेक कंपनियों में विशेष पद।

## घरों के बाहर ड्रम-मटकों की कतारें, नमकीन पानी से गल गए कूलर

# डेढ़ महीने से बूंद-बूंद को तरसा खरावड़

▶▶ रोजाना पैसे खर्च कर मंगवाना पड़ रहा कैंपर ▶▶ अब मटका फोड़ प्रदर्शन से ही जागेगा प्रशासन








हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सुबह के करीब छह बजे का समय। गांव खरावड़ की संकरी गलियों में महिलाओं और बच्चों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। किसी के हाथ में बाल्टी है, किसी के सिर पर मटका, तो कोई ड्रम के पास खड़ा पानी आने का इंतजार कर रहा है। तपती गर्मी में गांव के लोगों की सबसे बड़ी चिंता अब रोटी नहीं, बल्कि पानी बन चुका है। पिछले करीब डेढ़ महीने से गांव में नियमित पेयजल सप्लाई ठप पड़ी है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को पीने और खाना बनाने तक के लिए रोजाना पैसे खर्च कर पानी के कैंपर मंगवाने पड़ रहे हैं।

जल संकट

### आज पानी कहां से आएगा

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पानी की समस्या अब सिर्फ असुविधा नहीं रही, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे बड़ा संकट बन गई है। महिलाएं सुबह उठते ही सबसे पहले यह सोचती हैं कि आज पानी कहां से आएगा।

### नमकीन पानी से न चाय ठीक से बनती और न सब्जी

गांव के लोगों के अनुसार यदि कभी सप्लाई से पानी आता भी है तो वह इतना नमकीन होता है कि उसे पीना मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि उस पानी से न तो चाय ठीक बनती है और न ही सब्जी का स्वाद रहता है। कई परिवार मजबूरी में उसी पानी से नहाने और कपड़े धोने का काम कर रहे हैं।

### ऊपरी हिस्सों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता

सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिनके मकान ऊंचाई पर बने हुए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पानी का प्रेशर इतना कम होता है कि ऊपरी हिस्सों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। ऐसे घरों में रहने वाले लोग कई दिनों तक बूंद-बूंद को तरस जाते हैं।

### संकरी गलियां भी ग्रामीणों की परेशानी

*गांव की संकरी गलियां भी ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रही हैं। लोगों का कहना है कि कई मोहल्लों में कैंपर चालक गाड़ी लेकर आने से मना कर देते हैं, क्योंकि गलियों में वाहन घुसना मुश्किल होता है। ऐसे में लोगों को दूर मुख्य रास्ते तक जाकर पानी भरकर लाना पड़ता है। महिलाएं सिर पर मटके और बच्चे हाथों में बाल्टियां लेकर कई चक्कर लगाते हैं।*

### महिलाओं और बच्चों पर सबसे ज्यादा असर

*गांव में पानी संकट का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। सुबह से ही महिलाएं पानी भरने के इंतजार में लग जाती हैं। कई बच्चों को स्कूल जाने से पहले पानी लाने में परिवार की मदद करनी पड़ती है। तपती गर्मी में पानी ढोना अब गांव के लोगों की रोज की मजबूरी बन चुका है। नमकीन पानी से कूलर तक गल गए है।*

### चुनाव में सुविधाओं के वादे, बाद में भूल जाते हैं

*गांव के बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने पहले भी पानी की दिक्कत देखी है, लेकिन इतने लंबे समय तक ऐसा संकट कभी नहीं आया। उनका कहना है कि हर चुनाव में गांव में बेहतर सुविधाओं के वादे किए जाते हैं, लेकिन गर्मी आते ही हालात बदतर हो जाते हैं।*

### डीसी कार्यालय पर पहुंचकर करेंगे प्रदर्शन

*अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो वे डीसी कार्यालय पहुंचकर मटका फोड़ प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन खुद इस परेशानी को महसूस नहीं करेगा, तब तक समाधान नहीं निकलेगा।*

### अधिकारियों को कई बार कर चुके शिकायत

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है। अधिकारी गांव में आकर जांच का भरोसा देकर चले जाते हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। कई बार ग्रामीणों ने विभागीय कर्मचारियों को फोन किए, लेकिन उन्हें सिर्फ "जल्द ठीक होगा" का आश्वासन मिलता रहा।

### जानें क्या कहते हैं ग्रामीण



सुबह आंख खुलते ही पानी की चिंता शुरू हो जाती है। हर रोज पैसे देकर कैंपर मंगवाना पड़ता है। कई बार गली में कैंपर नहीं आता तो दूर से पानी भरकर लाना पड़ता है। *-नंद किशोर*



जो पानी आता है वह इतना नमकीन है कि कूलर तक खराब हो गए। ऊपर वाले घरों तक पानी पहुंचता ही नहीं। अब मजबूरी में आंदोलन करना पड़ेगा। *-विनोद*

# सैमाण में जगमग योजना का नहीं मिल रहा लाभ, बिजली-पानी संकट

1 समस्या का हल नहीं हुआ तो डीसी से मिलेंगे ग्रामीण

2 मीटर बाहर लगाने के बावजूद नहीं मिल रही 24 घंटे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

सैमाण गांव में व्याप्त समस्याओं को लेकर गांव के टोडर पाना में एक पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत में निर्णय लिया गया कि यदि गांव में व्याप्त बिजली, पानी और सड़कों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जल्द ही गांव के लोग रोहतक में जिला उपायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने पंचायत में बताया कि गांव सैमाण में ग्रामीणों को उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम की जगमग योजना का लाभ नहीं मिल रहा। बिजली निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि यदि वे बिजली के मीटर घरों से बाहर निकाल लेंगे, तो उनका गांव जगमग योजना में शामिल हो जाएगा और गांव को 24 घंटे बिजली देंगे। लेकिन पिछले कई महीने से इस गांव में बिजली-पानी संकट गहराया हुआ है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।



**महम।** सैमाण गांव के टोडर पाना में आयोजित पंचायत में भाग लेते ग्रामीण।

### पेयजल आपूर्ति का टाइम भी निर्धारित नहीं

गांववासी सुनील कुमार, कृष्ण सिवाच, जगबीर सिंह, अमरजीत, सूरजभान, संदीप और विजयपाल ने बताया कि प्रशासन ने ग्रामीणों से यह कहकर बिजली के मीटर घरों से बाहर खंबों पर लगवाए थे, कि यदि वे ऐसा करेंगे, तो उनको 24 घंटे बिजली दी जाएगी। सरकारी रिकॉर्ड में तो गांव जगमग योजना में शामिल कर लिया गया है। लेकिन धरातल पर हालात बहुत ही खराब हैं। बिजली के लंबे कट लगते हैं। जिस वजह से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में दिन के समय बहुत कम समय ही बिजली दी जाती है। रात को भी बिजली का आना जाना लगा रहता है। गांव वासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य किताब सिंह ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति नहीं की जाती। गांव में एक सप्ताह में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। पेयजल आपूर्ति का टाइम भी निर्धारित नहीं किया गया है। देर सवेर पानी दिया जाता है।

## सांपला में 50 लाख रुपये से साफ होंगे नाले



**सांपला।** बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पलिका सांपला ने बड़े स्तर पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नगर पालिका द्वारा कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 19 किलोमीटर लंबे नालों की सफाई के लिए लगभग 50 लाख रुपये की लागत से कार्य आदेश जारी किए गए हैं। एजेंसी ने मौके पर सफाई कार्य भी शुरू कर दिया है। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य बाजारों, रिहायशी कॉलोनियों और जलभराव वाले निचले इलाकों को प्राथमिकता के आधार पर साफ किया जाएगा। बड़े नालों की सफाई के लिए जेसीबी मशीनों की मदद ली जाएगी, जबकि तंग गलियों और छोटे नालों में सफाई कर्मचारियों की टीमें तैनात रहेंगी। उद्देश्य यह है कि मानसून के दौरान कस्बे में जलभराव की समस्या न बने और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। हर साल बरसात में नालों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों और घरों तक पहुंच जाता है। इससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में समय रहते शुरू हुए इस अभियान से स्थानीय लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है।

## मांगों को लेकर आंदोलन तेज करेगी पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन



**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक सर्व कर्मचारी संघ भवन रोहतक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान गंगाराम मौण ने की, जबकि संचालन महासचिव जरनैल सिंह ने किया।

बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन ने कॉमन कैडर कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने तथा जनस्वास्थ्य विभाग के कार्य एवं रखरखाव पंचायतों को सौंपने के विरोध में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। राज्य प्रधान गंगाराम मौण ने बताया कि सभी शाखाओं को 10 जून तक आम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनमें कर्मचारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद 16 और 17 जून को विभिन्न विभागों के कार्यकारी अभियंताओं के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंपे जाएंगे। बैठक में फैसला लिया गया कि 4 जुलाई को सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री तथा 18 जुलाई को लोक निर्माण विभाग और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्रियों के आवास का घेराव किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## अहिल्याबाई के नाम से जाना जाएगा सुपवा का गर्ल्स हॉस्टल

### महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए किया संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के गर्ल्स हॉस्टल को अब अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाएगा। अहिल्याबाई ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। अब उनके नाम से हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं को प्रेरणा मिलती रहेगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने गर्ल्स हॉस्टल परिसर के मुख्य द्वार व हॉस्टल बिल्डिंग की एंट्री पर नया नाम लिखवा दिया है। रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा के अनुसार कुलगुरु डॉ अमित आर्य की सोच थी कि गर्ल्स हॉस्टल का नामकरण किसी ऐसे महापुरुष के नाम पर किया जाए, जो शिक्षा के प्रति समर्पित रहा हो। जिसने अपने जीवन में आदर्श स्थापित किए हों। जिसके नाम से छात्राएं प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। ऐसे में विभिन्न नाम पर विचार किया गया, जिसमें अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को देखते हुए उनके नाम पर छात्रावास का नामकरण करने का फैसला लिया गया।




### छात्राओं को मिलेगी नई प्रेरणा

*डॉ मनोचा ने बताया कि गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन 4 फरवरी 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया था। उसके बाद से अभी तक इसका नामकरण नहीं हुआ था। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर (1725-1795) मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी रही। अहिल्याबाई ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन भर प्रयास किया। उनके कार्यों ने महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत प्रदान किया और समाज में उनके योगदान को अमर बना दिया। हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं को हमेशा उनके नाम से प्रेरणा मिलती रहेगी।*

## मदवि में गैर शिक्षक संघ का धरना जारी



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को गैर शिक्षक कर्मचारियों का धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। आम सभा में लिए गए फैसले के अनुसार परचेज एंड स्टोर ओर जनरल ब्रांच के कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे। सभी ने विश्विद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करके रोष जताया। कर्मचारियों ने कहा कि अगर जल्द ही कर्मचारियों की मांगो पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया गया तो संघ और कड़ा कदम उठाने पर मजबूर होगा। एनएसओ के छात्र नेता सुधीर सहारण ने सहित धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। धरने स्थल पर प्रधान सुरेश कौशिक, उपप्रधान प्रेम सजवान,महासचिव डॉ विजय पाल,सह सचिव राजकुमार रंगा, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा,पूर्व प्रधान जयभाग मलिक, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत व कार्यकारिणी सदस्य पवन, जस्सी, रणधीर, नवीन,कांता हुड्डा, मंजू, ममता, मदन, सन्नी, राजेश, संजीव, करण, हरिप्रकाश, संजय शर्मा, संजय देसवाल सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

### 7 लाख की लागत से खरीदी है मशीन

## पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किया डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन



**महम।** पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने मंगलवार को महम के उपमंडल स्तरीय नागरिक अस्पताल में रीबन काटकर डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य विभाग ने यह मशीन 7 लाख रुपए की लागत से खरीदी है। पूर्व सांसद ने कहा कि अस्पताल में पिछले काफ़ी समय से आधुनिक एक्स रे मशीन की सुविधा नहीं थी। क्षेत्र वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह मशीन खरीदी गई है। इससे महम ही नहीं बल्कि पूरे महम क्षेत्र के कई गांवों के लोग इस मशीन से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि महम विकास रैली के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अस्पताल की नई बिल्डिंग समेत क्षेत्र की जो मांग थी, उन सबकी रिपोर्ट तैयार करके जल्द ही कार्य शुरू होंगे।

### युवाओं व दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## 232 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, मानवता की मिशाल की पेश



**रोहतक।** किला रोड मार्केट एसोसिएशन और हम और आप सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किला रोड मार्केट के प्रधान दीपक पुनयानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और स्थानीय दुकानदारों में भारी उत्साह देखने को मिला, जिसके 232 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की भलाई में अपना योगदान दिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गौकरण के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी नागरिकों को बैज लगाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए बढ़ाई समय सीमा

## एमडीयू ने इंटरनल असेसमेंट अंक अपलोड करने की तारीख बढ़ाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के इंटरनल असेसमेंट/सेशनल/फॉर्मेटिव अवार्ड पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 जून 2026 कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बी.लिब, बीएसडब्ल्यू, यूजी (एनईपी) द्वितीय सेमेस्टर, बीपीएड एवं डीपीएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, दो वर्षीय पीजी कार्यक्रम (एनईपी), एमपीएड, एमसीए, पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड पीजी, एमएचएमसीटी, एमएफए इंटीग्रेटेड तथा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के इंटरनल असेसमेंट/सेशनल/फॉर्मेटिव अवार्ड पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 जून कर दी गई है। एमडीयू ने विश्वविद्यालय शिक्षण विभागाध्यक्षों (एचओडी) और संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे विद्यार्थियों के इंटरनल/सेशनल/फॉर्मेटिव अंक 5 जून तक हर हाल में पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि पोर्टल बंद होने के तुरंत बाद अपलोड किए गए अंकों की स्वीकृत एवं हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी संबंधित कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### गर्मियों की छुट्टियों में बालभवन में शुरू हुई हॉबी क्लासेस

# ड्राइंग, डांस, स्केटिंग और कंप्यूटर से बच्चे सीखेंगे नई कला

- छुट्टियां होंगी मजेदार, बच्चों को मिलेगा हुनर सीखने का मौका
- शाम 5 से 7 बजे तक लगेंगी कक्षाएं, दो गतिविधियां सीख सकेंगे
- कम फीस में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गर्मियों की छुट्टियों को बच्चों के लिए उपयोगी और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से जिला बाल भवन में विशेष हॉबी क्लासेस शुरू की गई हैं। उपायुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित इन कक्षाओं में बच्चों को स्केटिंग, डांस, ड्राइंग-पेंटिंग और कंप्यूटर जैसी गतिविधियां सीखने का अवसर मिलेगा। शाम 5 बजे से 7 बजे तक चलने वाली इन क्लासेस का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना है। नाममात्र शुल्क में बच्चे दो अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। छुट्टियों के दौरान बच्चों के समय के सदुपयोग की दिशा में इसे अहम पहल माना जा रहा है।

कुछ हटके

### खुद को तरोताजा भी करेंगे महसूस

जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया का मानना है कि इन दो घंटों में बच्चे न केवल नई कलाएं सीखेंगे, बल्कि पढ़ाई के दबाव से दूर रहकर खुद को तरोताजा भी महसूस करेंगे। विशेष हॉबी क्लासेस हर साल गर्मी की छुट्टियों में आयोजित की जाती है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हॉबी क्लासेस में बच्चों के लिए कई तरह की गतिविधियां शामिल की गई हैं।



### प्रति बच्चा 700 रुपये फीस

इन कक्षाओं को बच्चों के लिए बेहद किफायती बनाया गया है। पूरे कोर्स के लिए प्रति बच्चा केवल 700 रुपये फीस निर्धारित की गई है। एक बच्चा एक साथ दो अलग-अलग गतिविधियों में भाग ले सकता है। चूंकि ये कक्षाएं हर दिन आयोजित होंगी, इसलिए दो घंटे के समय को एक-एक घंटे के दो बैच में बांटा गया है। बच्चे पहले घंटे में अपनी पसंद की एक एक्टिविटी और दूसरे घंटे में दूसरी एक्टिविटी सीख सकेंगे।

### ये गतिविधियां कर सकेंगे

- ▶▶ **स्केटिंग:** शारीरिक फिटनेस और संतुलन के लिए।
- ▶▶ **ड्राइंग और पेंटिंग:** बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को निखारने के लिए।
- ▶▶ **डांस क्लासेस** : शारीरिक लचीलेपन और कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए।
- ▶▶ **कंप्यूटर क्लासेस:** छोटे बच्चों को तकनीक से जोड़ने के लिए इसमें कंप्यूटर के बेसिक सिखाए जाएंगे।